28 दिन में 12वीं का परीक्षा परिणाम तैयार, 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सफल

शिव कुमार • जागरण

भिवानी : डिजिटल मार्किंग की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने रिकार्ड 28 दिन में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम तैयार कर लिया है। जिसकी आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव करेंगे। इस बार पिछले वर्ष की तुलना परिणाम बेहतर रहा है। 85 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी पास हुए है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अपने चेयरमैन डा. वीपी यादव के नेतृत्व में नित नए रिकार्ड बना रहा है। पहले क्यूआर कोड व हिडन फीचर्स से नकल रोकने का हो या रिकार्ड समय में एचटेट का परिणाम हो। इस बार बोर्ड चेयरमैन डा. वीपी यादव ने रिकार्ड समय में परिणाम घोषित करने की ठान रखी थी। डिजिटल मार्किंग के माध्यम से यह करना था मगर मुख्यमंत्री के बदलाव के फेर में यह प्रस्ताव उलझ गया और अनुमति नहीं मिली। जिसके बाद उत्तरपुस्तिकाओं की जांच मैन्युअली ही करानी पड़ी। इसके बावजूद भी बोर्ड चेयरमैन अपने अप्रैल माह में ही परीक्षा खत्म और अप्रैल माह में ही परिणाम घोषित करने की जिद के तहत तैयारियों में लगे थे और उन्होंने अब 12वीं का परिणाम रिकार्ड 28 दिन में तैयार कर लिया है। जिसकी घोषणा मंगलवार को होगी। इस बार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परीक्षाएं हुई और परिणाम भी बेहतर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि 85 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की है।

2,21,484 नियमित और 31,918 स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने दी थी परीक्षा, आज घोषित होगा परीक्षा परिणाम

2.52 लाख ने दी थी परीक्षा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में इस बार 2.52 लाख परीक्षार्थी थे। जिनमें 2,21,484 परीक्षार्थी नियमित और 31,910 स्वयं पाठी परीक्षार्थी थे। दो अप्रैल को परीक्षाएं समाप्त हुई। बोर्ड की ओर से प्रदेशभर में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए 64 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए। दो से तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाकर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की गई। रात 10-10 बजे तक भी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम चला।

"हमने सीनियर सेकेंडरी का परिणाम तैयार कर लिया है और मंगलवार को इसकी घोषणा की जाएगी। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच का कार्य देरी से शुरू होने के बावजूद सभी ने बहुत मेहनत की और रिकार्ड समय में परिणाम घोषित किया जा रहा है। **डा. वीपी यादव,** चेयरमैन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

वर्ष	परिणाम %	स्वयंपाठी %
2023	81.65	52.44
2022	87.08	73.28
2021	100	--
2020	80.34	64.83
2019	74.48	57.61
2018	63.84	47.44
2017	64.50	36.73
2016	62.40	54.22
2015	53.09	37.84
2014	72.91	---
2013	59.31	---
2012	67.82	---
2011	72.85	---

कब-कब घोषित हुआ हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा का परिणाम

वर्ष	परीक्षा शुरू होने की तिथि	समापित तिथि	परिणाम घोषित
2024	27 फरवरी	2 अप्रैल	30 अप्रैल
2023	27 फरवरी	28 मार्च	15 मई
2022	30 मार्च	27 अप्रैल	15 जून
2020	4 मार्च	31 मार्च	--
2019	7 मार्च	3 मार्च	15 मई
2018	7 मार्च	3 अप्रैल	18 मई

****